शाहजहाँपुर पुलिस

प्रेस नोट दिनांक 01.7.24

थाना रामचंद्र मिशन पुलिस द्वारा लूट की घटना मे संलिप्त एक नफर अभियुक्त 6000/- रूपये के साथ किया गिरफ्तार

श्री अशोक कुमार मीणा पुलिस अधीक्षक जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम, वाछित अभियुक्तगणो की गिरफ्तारी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुक्रम में एवं श्री संजय कुमार पुलिस अधीक्षक नगर शाहजहाँपुर के निर्देशन में व श्रीमती सौम्या पाण्डेय क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक थाना रामचन्द्र मिशन के नेतृत्व में थाना रामचन्द्र पुलिस को बडी सफलता प्राप्त हुई है।

दि0 13.06.24 श्री सत्यपाल पुत्र श्री सरजू ग्राम चम्पापुरवा पोस्ट शुक्लापुर भगत थाना माधोगंज जिला हरदोई ने थाना रामचन्द्र मिशन पर सूचना की दी कि दि0 12.06.24 की रात्रि को अज्ञात व्यक्तियो द्वारा सहारा ग्राउण्ड मे ले जाकर उनसे 50000/- रूपये लूट लिया। उक्त घटना पर तुरन्त संज्ञान लेते हुए दि0 13.06.24 को ही थाना रामचन्द्र मिशन पर मु0अ0सं0 172/24 धारा 392 भादवि पंजीकृत किया गया तथा लूटे गये माल की बरामदगी एव अभियुक्तगणो की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गयी उक्त टीम द्वारा 24 घण्टे के अन्दर घटना मे प्रयुक्त अभियुक्तगण 1. जुनैद पुत्र नदीम सफीक नि0 नई बस्ती थाना रामचन्द्र मिशन शाहजहाँपुर 2. अशरफ पुत्र इस्तयार नि0 फत्तेहपुर रेती थाना रामचन्द्र मिशन शाहजहाँपुर को लूटे गये 240000/- रूपये के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा प्रकाश मे आये अभियुक्त वारिश उर्फ भूरा S/O इशत्याक निवासी मोहल्ला फत्तेपुर रेती थाना रामचन्द्र मिशन जिला शाहजहाँपुर की गिरफ्तारी व शेष माल की बरामदगी हेतु लगातार दबिश दी जा रही थी। उक्त टीम द्वारा अथक प्रयासो से आज दि0 01.07.24 को उक्त घटना मे प्रकाश मे आये अभियुक्त वारिश उर्फ भूरा उपरोक्त को ग्राम बाडीगांव को जाने वाले चौराहे से हरदोई को जाने वाले चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त के कब्जे वादी से लूटे गये 6000/- रूपये भी मौके पर ही बरामद किए गये।

नाम पता गिरफ्तारी शुदा अभियुक्त-

वारिश उर्फ भूरा S/O इशत्याक निवासी मोहल्ला फत्तेपुर रेती थाना रामचन्द्र मिशन जिला शाहजहाँपुर

बरामदगीः—

1. छ: हजार रूपये

आपराधिक इतिहास अभियुक्त

1. मु0अ0सं0 809/23 धारा 323/325 भादवि थाना सदर बाजार शाहजहाँपुर
2. मु0अ0सं0 172/24 धारा 392/411 भादवि थाना रामचन्द्र मिशन शाहजहाँपुर

गिरफ्तार करने वाले पुलिस अधि0/कर्मचारीगण -

1. उ0नि0 श्री ज्ञानचन्द्र थाना रामचन्द्र मिशन जिला शाहजहाँपुर
2. का0 2659 राहुल थाना रामचन्द्र मिशन जिला शाहजहाँपुर